आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 08.08.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- मायाबंदर स्थित आरपी अस्पताल के नवनिर्मित भवन को स्वास्थ्य सेवा निदेशालय को आधिकारिक तौर पर सौंप दिया गया है।
- जिला प्रशासन की आउटरीच पहल के तहत लिटिल अंडमान के रामकृष्णपुर गाँव में ई–पटवारखाना का उद्‍घाटन किया गया।
- मेरा युवा भारत ने चिन्मय मिशन के सहयोग से भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं पर कार्यशाला आयोजित की गई।
- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत ए बी डी एम पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार के मार्गदर्शन और नेतृत्व में मायाबंदर स्थित आरपी अस्पताल में नवनिर्मित भवन को स्वास्थ्य सेवा निदेशालय को आधिकारिक तौर पर सौंप दिया गया। इस अवसर पर मध्योत्तर अंडमान जिला उपायुक्त नंदिनी महाराज ने कहा कि डॉ. आरपी अस्पताल में यह नई सुविधा हमारे ग्रामीण समुदायों को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेगी। इस आधुनिक चिकित्सा सुविधा में कई विशिष्ट इकाइयाँ शामिल हैं। इस भवन को मरीजों की सुगमता को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है।

<><><><><><><>

जिला प्रशासन की आउटरीच पहल के तहत अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट विनायक चमड़िया ने लिटिल अंडमान के रामकृष्णपुर गाँव में ई–पटवारखाना का उद्‍घाटन किया। इस अवसर पर दानिप्स फिरोज आलम, स्वराज द्वीप के एसडीपीओ, पंचायत समिति प्रमुख और तहसीलदार उपस्थित थे। यह सुविधा भूमि और राजस्व सेवाओं के ऑनलाइन वितरण को सक्षम करने के लिए आधुनिक आईटी अवसंरचना से लैस है। आर. के. पुर और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों के लिए विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं तक पहुँच को आसान बनाने के लिए एक ई–कॉर्नर भी स्थापित किया गया है। यह पहल प्रशासन की "घर–घर डिजिटल शासन" के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

<><><><><><><><>

मत्स्य पालन विभाग की ओर से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड, हैदराबाद के सहयोग से मीठे जल में मछली प्रजनन और बीज उत्पादन" पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम इस माह के अंतिम सप्ताह में रखा गया है। कार्यक्रम में मछली का चयन, रखरखाव, हैचरी प्रबंधन, बीज पालन, जल गुणवत्ता प्रबंधन, स्वास्थ्य प्रबंधन पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए कुल 25 प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। इच्छुक मछुआरे, मत्स्य पालक, स्वयं सहायता समूह, उद्यमी, आदिवासी और बेरोजगार युवा इसमें भाग ले सकते हैं। चयनित प्रशिक्षुओं को दैनिक और यात्रा भत्ता प्रदान किया जाएगा। आवेदन पत्र निकटतम क्षेत्रीय मत्स्य कार्यालय, मत्स्य उप–केन्द्र या मत्स्य प्रशिक्षण केंद्र से प्राप्त कर सकते हैं और भरे हुए आवेदन 18 अगस्त, तक जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><><>

टीबी मुक्त अभियान के तहत कल बेटापुर आरा मिल में निक्षय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य समुदाय में क्षय रोग का पता लगाना और उसकी रोकथाम करना था। इस अवसर पर सहायक वन संरक्षक जगदीश कुमार उपस्थित थे। चिकित्सा दल का नेतृत्व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिल्लीग्राउंड के चिकित्सा अधिकारी डॉ. केसवन मुरुगेसन ने किया। शिविर के दौरान 80 व्यक्तियों की टीबी के लिए जाँच की गई। इस अवसर पर डॉ. केसवन मुरुगेसन ने लोगों को टीबी के लक्षणों की पहचान और निवारक उपायों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने निक्षय पोषण योजना, निक्षय मित्र की भूमिका और 100–दिवसीय टीबी अभियान पहल के बारे में बताया।

<><><><><><><><>

मेरा युवा भारत ने चिन्मय मिशन के सहयोग से कल भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। चिन्मय मिशन में आयोजित इस पहल का उद्देश्य युवाओं और स्थानीय समुदायों के बीच भारत सरकार की प्रमुख केंद्र प्रायोजित प्रमुख योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर अंडमान लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पी.वी.एन. शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अपने संबोधन में, उन्होंने राष्ट्रीय विकास में युवाओं की भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला और विकसित भारत @2047 में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। सम्माननीय अतिथि स्वामी शुद्धानंद सरस्वती ने अपने संबोधन में स्वास्थ्य, तंदुरुस्ती और नशामुक्त जीवनशैली के महत्व पर ज़ोर देते

हुए युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की। कार्यशाला के दौरान शिक्षा एवं कौशल विकास, रोज़गार एवं उद्यमिता, डिजिटल इंडिया एवं प्रौद्योगिकी, सतत विकास एवं जलवायु कार्रवाई, स्वास्थ्य एवं कल्याण, नागरिक सहभागिता एवं शासन, लैंगिक समानता, सांस्कृतिक एकीकरण और वैश्विक प्रतिस्पर्धा जैसे विभिन्न विषयों पर विचार–विमर्श किया। इससे पहले, मेरा युवा भारत के संयुक्त निदेशक सुखरंजन बिस्वास ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए युवाओं को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम में लगभग 60 युवाओं ने भाग लिया।

<><><><><><><>

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत गर्ल्स स्कूल में छात्रों और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े ए एन एम और आशा कार्यकर्ताओं के लिए एक अभिविन्यास–सह–जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्यकर्मियों के बीच ABDM के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में डिजिटल स्वास्थ्य साक्षरता बढ़ाने और प्रतिभागियों को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के माध्यम से स्वास्थ्य क्षेत्र में नवीनतम विकास के बारे में जानकारी देना था। इसके तहत आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता व्यक्तियों को अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक सुरक्षित और कुशलतापूर्वक पहुँच और प्रबंधन करने में सक्षम बनाता है। स्वास्थ्य सुविधा रजिस्ट्री एक सत्यापित, केंद्रीकृत डेटाबेस है, जो अस्पतालों, और क्लीनिकों सहित भारत की सभी स्वास्थ्य सुविधाओं को सूचीबद्ध करता है। यह ई–अस्पताल रिकॉर्ड और टेली–परामर्श जैसी डिजिटल सेवाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित करता है।

<><><><><><><>

डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान ने सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग, पटना के सहयोग से साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका उद्देश्य बढ़ते साइबर खतरों के प्रति छात्रों को जागरूक करना है। सत्र के दौरान सी–डैक पटना की शोध सहयोगी सोनल कमल ने साइबर खतरों और अपराधों के उभरते परिदृश्य का अवलोकन प्रस्तुत किया। उन्होंने विभिन्न प्रकार के साइबर हमलों पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में संकाय और कर्मचारियों सहित कुल 69 छात्रों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

गुडविल एस्टेट स्थित विज्ञान केंद्र में कल साइंस मैजिक शो का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम छः बजकर दस मिनट से छः बजकर पैंतालीस मिनट तक चलेगा। यह कार्यक्रम सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए जादू के पीछे के रहस्यों और उसके वैज्ञानिक मूल्य को सरल और मनोरंजक तरीके से

उजागर करने के लिए तैयार किया गया है। प्रवेश शुल्क दस रूपये प्रति व्यक्ति है। इसके अलावा, शाम साढ़े पांच बजे से विशेष 3डी शो का आयोजन किया जाएगा। 3डी शो के लिए प्रवेश शुल्क बीस रूपये प्रति व्यक्ति निर्धारित किया गया है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

द डेली टेलीग्राम्स ने आयोग द्वारा उप–राष्ट्रपति पद के चुनाव की तारीख तय करने के समाचार को प्रमुखता देते हुए अपनी पहली हेड लाइन बनाई है। द्वीप समाचार ने इस खबर के अलावा प्रशासन की ओर से 11 द्वीपों के लिए हेलीकॉप्टर सेवाओं के लिए ई ओ आई आमंत्रित करने के समाचार को भी प्रमुखता से प्रकाशित किया है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने डेरीफार्म में हुए अग्नि दुर्घटना में एक महिला की मृत्यु और अग्निशमन कर्मियों को पार्किंग के कारण परेशानी का सामना करने के समाचार को अपने अखबार में जगह दी है। द इको ऑफ इंडिया ने दक्षिण अंडमान में बिजली की समस्या को, जबकि इंफो इंडिया ने लिटिल अंडमान में राजस्व शिविर आयोजित करने के समाचार को प्रमुखता से छापा है।

<><><><><><><>